Title: Need for construction of over-bridges at railway crossings at Asfabad, Shikohabad and Saiyan in U.P.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, फिरोजाबाद नगर (उ.प्र.) विश्व में कांच उद्योग के लिए मशहूर है। इसके निकट आसफाबाद रेलवे क्रासिंग एवं शिकोहाबाद रेलवे क्रासिंग उत्तर रेलवे के इलाहाबाद मंडल के अन्तर्गत आते हैं। इन स्थानों से हजारों लोगों का नित्य प्रति आवागमन होता रहता है। निकट में ही प्रसिद्ध तीर्थ वटेश्वर है जहां जाने वाले श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या होती है। अधिकांश समय फाटक बंद रहने के कारण लोगों को अत्यधिक असुविधा होती है और समय की बर्बादी के साथ जाम भी लग जाता है।

आगरा से 20 कि.मी. दूर सैयां रेलवे क्रासिंग जो झांसी मंडल में आता है मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। यहां की स्थिति भी अत्यधिक गम्भीर है और लोगों का समय से गन्तव्य स्थल पर पहुंचने में अक्सर विलम्ब हो जाता है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि उपरोक्त तीनों स्थानों आसफाबाद, शिकोहाबाद एवं सैयां पर ओवर ब्रिज (पुल) बनाए जाने के आदेश दें।